# कोटा से दानापुर के मध्य एक-एक ट्रिप रक्षाबंधन स्पेशल ट्रेन चलेगी

जबलपुर 8 अगस्त। रेल प्रशासन द्वारा रक्षाबंधन पर्व के अवसर पर यात्रियों की सुविधा एवं अतिरिक्त यात्री भीड़ को कम करने के उद्देश्य से गाड़ी संख्या 09817/09818 कोटा-दानापुर-कोटा के मध्य रक्षाबंधन स्पेशल ट्रेन दोनों दिशाओं में 01-01 ट्रिप संचालित करने का निर्णय लिया गया है। इस स्पेशल ट्रेन में वातानुकूलित श्रेणी, शयनयान श्रेणी एवं सामान्य श्रेणी के कोचेस रहेंगे। **यह स्पेशल ट्रेन दोनों दिशाओं में बारां, सालपुरा, छबरा गुगोर, रूठियाई, गुना, सागर, दमोह, कटनी, मैहर एवं सतना हाल्ट लेकर गन्तव्य को जाएगी।** रेलयात्री किसी भी कंप्यूटरीकृत आरक्षण केन्द्र या ऑनलाइन आईआरसीटीसी की वेबसाइट से इस स्पेशल ट्रेन की आरक्षण सुविधा का लाभ उठा सकते है।

**कोटा-दानापुर-कोटा रक्षाबंधन स्पेशल ट्रेन :-**

**गाड़ी संख्या 09817 कोटा से दानापुर स्पेशल ट्रेन शनिवार को दिनांक 09 अगस्त 2025 को** कोटा स्टेशन से रात 21:25 बजे प्रस्थान कर मार्ग के प्रमुख स्टशनों गुना (00:15/00:25), सागर (03:30/03:35), कटनी (06:05/06:15), सतना (07:25/07:30), प्रयागराज छिवकी (11:35/11:40) होते हुए अगले दिन रविवार को सायं 18:30 बजे दानापुर स्टेशन पहुंचेगी।
इसी प्रकार **गाड़ी संख्या 09818 दानापुर से कोटा स्पेशल ट्रेन रविवार को दिनांक 10 अगस्त 2025 को** दानापुर स्टेशन से रात 21:15 बजे प्रस्थान कर मार्ग के प्रमुख स्टशनों प्रयागराज छिवकी (05:45/05:50), सतना (09:00/09:05), कटनी (10:15/10:25), सागर (13:50/13:55), गुना (19:10/19:20) होते हुए अगले दिन सोमवार को रात 22:25 बजे कोटा पहुंचेगी।

**गाड़ी के हाल्टः-** यह गाड़ी दोनों दिशाओं में बारां, सालपुरा, छबरा गुगोर, रूठियाई, गुना, सागर, दमोह, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, मिर्जापुर, पं. दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर एवं आरा स्टेशनों पर रुकेगी।

यात्री सुविधा का लाभ लेते हुए स्पेशल ट्रेन के ठहराव की विस्तृत जानकारी स्टेशन, रेल मदद 139 अथवा ऑनलाइन माध्यम से प्राप्त कर सकते है।

---

संख्या : पमरे/मुख्या/मुजसअधि/प्रेस विज्ञप्ति/281/2025 दिनांक 08.08.2025
सम्माननीय संपादक, कृपया जनहित में उपरोक्त समाचार अपने लोकप्रिय दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित कर सहयोग प्रदान करें।

मुख्य जनसंपर्क अधिकार
पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर